# विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भारतीय खान ब्यूरो (मुख्यालय), नागपुर की दिनांक 29/06/2020 को 114 वीं बैठक का आयोजन

विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भारतीय खान ब्यूरो (मुख्यालय), नागपुर की 114 वीं बैठक श्री एस. के. अधिकारी, मुख्य खनन भूविज्ञानी की अध्यक्षता में तीसरा तल स्थित सभाकक्ष में दिनांक 29/06/2020 को अपराहन 4.00 बजे आयोजित की गई । अध्यक्ष महोदय एवं अन्य सदस्यों के स्वागत के पश्चात अध्यक्ष महोदय की अनुमति से डॉ. पी. के. जैन, मुख्य खनिज अर्थशास्त्री एवं राजभाषा अधिकारी द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई । कार्य सूची अनुसार बैठक में पिछली बैठक (113 वीं) के कार्यवृत्त पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई एवं कार्यवृत्त की पुष्टि की गई ।

इसके पश्चात जनवरी - मार्च, 2020 अवधि की मुख्यालय एवं अधिनस्थ कार्यालयों की तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा की गई । संसदीय राजभाषा समिति को हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय के निरीक्षण के दौरान दिए गए आश्वासन के आलोक में भारतीय खान ब्यूरो मुख्यालय नागपुर द्वारा हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय के साथ हिंदी पत्राचार बढ़ाना, मुख्यालय में हिंदी कार्यशाला आयोजित करने हेतु निर्णय, अत्यधिक हिंदी टंकण कार्य एवं अन्य प्रशासन संबंधी कार्य और फाइलों के रख-रखाव हेतु हिंदी अनुभाग में नियमित हिंदी टंकक या अवर श्रेणी लिपिक की तैनाती, उप निदेशक (राजभाषा) एवं सहायक निदेशक (राजभाषा) की तैनाती आदि महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई ।

अंत में अध्यक्ष महोदय एवं सभी सदस्यों का आभार श्री अभिनय कुमार शर्मा, सहायक संपादक, हिंदी अनुभाग, भारतीय खान ब्यूरो, नागपुर ने व्यक्त किया ।


OPPO A9


OPPO A9


OPPO A9


OPPO A9


OPPO A9


OPPO A9